आखिरी पेज से आगे

एड्स-ट्रेन ने खींची भीड़

धरसीवां ब्लॉक के ग्राम पवनी की मितानिनों ने बताया कि रेड रिबन एक्सप्रेस की प्रदर्शनी में ऐसे लोगों की जागरूकता की व्यवस्था की गई है जो काम के दौरान बाहर रहते हैं। एड्स के प्रति चेतना से किस तरह व्यक्ति खुशहाल गृहस्थी का भागीदार हो सकता है ? पंचायत, स्वास्थ्य कार्यकर्ता की क्या भूमिका होती है जैसी चीजों को चित्रों के माध्यम से जहां दर्शाया गया वहीं युवा, छात्र, मीडिया के लिए ऑडियो की व्यवस्था रखी गई है। रेड रिबन एक्सप्रेस की बोगी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संतुलित आहार, जज्जा-बच्चा कार्ड, बचपन बचाओ, जिंदगी जिंदाबाद के अलावा रेड रिबन क्लब के संदेश शामिल हैं।

स्थल पर मौजूद सीएमओ डॉ. सक्सेना ने बताया कि एड्स के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से दिसम्बर 2009 को सोनिया गांधी की पहल पर नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाएजेशन की ओर से रेड रिबन एक्सप्रेस चलाई गई। छत्तीसगढ़ में जांजगीर, चांपा, दुर्ग, राजनांदगांव में दो-दो दिन इस ट्रेन के रूकने की व्यवस्था की गई है। ट्रेन की 4 बोगी में लगी प्रदर्शनी के माध्यम से एड्स के प्रति जनजागरूकता के अतिरिक्त स्वाइन फ्लू, टीबी आदि रोगों की रोकथाम के बारे में भी जानकारी सामग्री रखी गई है। रेड रिबन की दो बोगियों में विभिन्न स्कूल, कॉलेज, महिला बाल विकास कार्यकर्ता आदि के माध्यम से काउंसिलिंग की व्यवस्था की गई है। रेड रिबन एक्सप्रेस के प्रचार-प्रसार के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज दो रथ शहर का दौरा करेंगे। यूथ रेड क्रॉस सोसायटी प्रभारी डॉ. रेणु सक्सेना, एनसीसी ऑफिसर मैथलीशरण गुप्ता, सहित साइंस कॉलेज के छात्र-छात्राएं रेड रिबन एक्सप्रेस के अवलोकन के लिए जहां स्थल पर पहुंचे वहीं कतार में खड़े रिक्शा चालक धनेश छात्र सुमीत और रेलवे कर्मचारी राकेश सिंह प्रदर्शनी राकेश सिंह प्रदर्शनी देखने के लिए बारी का इंतजार करते नजर आए।

पूर्व कांग्रेस विधायक पर भर्ती

उन्होंने शिकायतों की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक को कहा है। पुलिस अधीक्षक आरिफ हुसैन ने भी इन शिकायतों की पुष्टि की है। कल रात में अशोक सोम ने 'छत्तीसगढ़' से इस मामले कहा कि उनके खिलाफ राजनीतिक एवं प्रशासनिक षडयंत्र रचा गया है।

इधर रुपए के लेनदेन के मामले में अशोक सोम से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन पता चला कि वे नगरी गए हुए हैं। उन्होंने फोन नहीं उठाया तो, इस संवाददाता ने उनको एसएमएस कर सवाल किया है कि-क्या आपने बेरोजगारों से नौकरी लगवाने के लिए रुपए लिए थे ? और क्या नौकरी नहीं लगने पर उन्हीं युवकों को चेक लौटाए, जो बाउंस हो गए ? खबर लिखे जाने तक उनका जवाब नहीं आया था। अशोक सोम के विरूद्ध शिक्षाकर्मी भर्ती मामले में लेनदेन के आरोपों की पुलिस और प्रशासन द्वारा जांच कराई जा रही है। अभी कितने का लेनदेन हुआ है और कितने लोगों से लेनदेन हुई है, इसे गोपनीय रखा जा रहा है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो कांग्रेस नेता अशोक सोम के लिए मुसीबत खड़ी हो जाएगी।

महंति का आदेश पहुंचा

इनमें फिलहाल सिर्फ श्री महंति के नाम का आदेश कार्पोरेट ऑफिस से जारी हुआ है। भिलाई में इस आशय का आदेश पहुंच गया है। प्रबंधन सूत्रों ने बताया कि श्री महंति 31 जुलाई को भिलाई से रिलीव हो जाएंगे। उनके बाद आगामी व्यवस्था तक पद क्रम में सबसे वरिष्ठ अधिकारी जनरल मैनेजर (क्वालिटी) मधुसूदन को वर्क्स का प्रभार दिया जाएगा। इधर बीएसपी और इस्को (बर्नपुर) में नए एमडी की नियुक्ति को लेकर कुहासा बरकरार है। भिलाई में जहां पिछले माह से ईडी प्रोजेक्ट विनोद कुमार अरोरा को एमडी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, वहीं इस्को (बर्नपुर) में पिछले माह एमडी एसपी राव के सेवानिवृत्त होने के बाद कार्पोरेट दफ्तर ने बोकारो स्टील प्लांट के ईडी प्रोजेक्ट एनके झा को ईडी इंचार्ज के तौर पर इस्को भेज दिया है।

भिलाई के इंजीनियर ही करेंगे सेल

सेल में नए एमडी की नियुक्ति को लेकर जो मौजूदा पैनल बना है उसके मुताबिक यदि सारी नियुक्ति होती है तो यह एक संयोग रहेगा की सेल की सभी यूनिट का नेतृत्व भिलाई से निकले इंजीनियर ही करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य इस्को (बर्नपुर) में एमडी पद के लिए चयनित किए जा चुके अक्षत कुमार सक्सेना के साथ जुड़ा हुआ है। श्री सक्सेना ने भी अपनी सेवा की शुरूआत भिलाई से की है। ब्लास्ट फर्नेस में एजीएम के पद तक पहुंचे श्री सक्सेना ने 1987-88 में इस्पात ग्रुप के डाल्बी (मुंबई) स्टील प्लांट में जनरल मैनेजर के रूप में नई पारी की शुरूआत की थी। बाद में वह बिड़ला ग्रुप के कॉपर प्लांट से भी जुड़े और इन दिनों वह इस्पात ग्रुप की चेक-स्लोवाकिया की परियोजना का काम देख रहे थे। श्री सक्सेना के छोटे भाई वर्तमान में बीएसपी में डीजीएम हैं। भिलाई में मौजूदा एमडी का प्रभार देख रहे विनोद अरोरा ने सेवा की शुरूआत भिलाई से की और वह सीमित अवधि के लिए सेल में ईडी रह चुके हैं। भिलाई के नए एमडी के रूप में शांति स्वरूप वर्मा का नाम सबसे ऊपर बताया जा रहा है। श्री वर्मा की भी सेवा की शुरूआत भिलाई से हुई थी और वह 4 साल पहले ही राउरकेला स्थानांतरित हुए हैं।

जहाँ हथियार चलाना सीख रही हैं महिलाएँ

कभी वे खुद शिकार बनीं तो कभी पति को खोया, भाई खोया, बाप खोया, और सबसे बुरा यह कि खुद बेसहारा होकर बच्चों का पालन पोषण किया। महिलाओं को ट्रेनिंग देने वाले इंस्पेक्टर फैय्याज कहते हैं कि ऐसे पिछडे इलाकों में प्रशिक्षित वीडीसी काफी लाभदायक होती हैं। इनसे चरमपंथी भी काफी डरते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा समितियाँ उन्हें सूचना देती हैं और मुठभेड में सहायता करती हैं।

साफ पानी और सफाई

मसौदे में कहा गया है कि पीने का स्वच्छ पानी और साफ-सफाई की सुविधा अब मानवाधिकार होगा जो जिंदगी जीने के हक का पूरा आनंद उठाने के लिए जरूरी है। प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया गया है कि लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित पानी और साफ-सफाई की सुविधा मुहैया कराने के लिए वो और काम करे।

पहले पेज से आगे

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से पहली बार

वर्ष के आठ महीने इनके लिये बेहद कठिन परिस्थितियों में बीतते हैं। पीने का पानी, पौष्टिक आहार मिलना जंगल में मुश्किल होता है। कुपोषण से पंडो, चेरवा व गोंड जनजाति के बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास अवरूद्ध है। शिक्षा व्यवस्था के न होने से ये अपने अधिकारों से बेखबर हैं। रेवला में रहने वाले सभी 12 चेरवा आदिवासी परिवार अपने विस्थापन की बाट जोह रहे हैं। परिवारों का दर्द यह भी है कि नई पीढ़ी को काम चाहिए, जिससे वे अपने बच्चों का भविष्य बेहतर बना सकें। चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने से इलाज के अभाव में इस दुर्गम इलाके के लोग असमय दम तोड़ चुके हैं। इस वजह से यहां के निवासी इलाके को हमेशा के लिये छोड़ देना चाहते हैं।

राष्ट्रीय उद्यान की संचालिका प्रणिता पॉल कल्लाजे ने बताया कि पहले एक ग्राम रेवला का प्रस्ताव बनाकर सीएफ रायपुर भेजा गया है। इसमें ग्राम रेवला के बीरसाय चेरवा, सुखलाल चेरवा, करनसाय चेरवा, राजकुमार चेरवा, मोहनराम चेरवा व फूलसाय चेरवा सहित 6 परिवार को सोनहत के पास राजस्व भूमि में बसाया जाएगा। जंगल की अवैधा कटाई की समस्या से वन महकमा जूझ रहा है। लेकिन आदिवासियों के हित को सर्वोपरि मानते हुए विस्थापन का कदम विभाग को उठाना पड़ रहा है। कठिन होती परिस्थितियों से जूझते रेवला के निवासी वन सम्पदा से मरहूम किये जाने का दुख व्यक्त करते हैं। लेकिन शिकायत नहीं है उन्हें क्योंकि वे जानते हैं कि यह सबके हित में है।

प्रणिता पॉल कल्लाजे ने 'छत्तीसगढ़'को बताया कि पिछले कुछ माह पहले उद्यान क्षत्र मे तीन शेर थे, फिलहाल एक उद्यान के रेहंद क्षेत्र में है। चूंकि यह सीधी जिले की सीमा से लगा हुआ है इसलिए शेर सीधी जिले से यहां आते रहते हैं। तीन शेरों में दो वापस सीधी क्षेत्र जा चुके हैं। पिछले 6 माह से इनकी आवाजाही प्रारंभ हुई है।

अंक जाल - 1431

	12	13	35	30		12	16	22	
24		6		9		7	s	5	14
20	5		9				8		20
25		3		2				7	11
			5		8		2		34
35		5		7		6			
7	2				4		8		30
19		8				6		7	25
14	3		6		7		2		19
	18	23	12		33	31	18	22	

खाली जगहों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर बाएं से दाएं व ऊपर से नीचे जोड़ें, उत्तर मटमैले रंग में दिया गया है। चारों कोनों में दी गई संख्या की जोड़ दोनों ओर से एक समान होनी चाहिए।

हल करने का समय, शुरु..... खत्म.....

इसका उत्तर ढूंढें आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर

सुडोकू - 1621 (Easy)

2	6			7			5	
	5	3		2	6	7	1	9
		1				8		
6		4			2			7
	7						4	
3			6			1		5
		6				2		
1	2	7	3	9		5	6	
	8			6			7	4

इस पहेली की खाली जगहों में एक से नौ के बीच के अंक भरे जाने हैं। किसी भी आड़ी या खड़ी पंक्ति में किसी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है 3-3 के प्रत्येक ब्लाक दिए गए हैं। किसी ब्लाक में किसी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है।

हल करने का समय, शुरु..... खत्म.....

इसका उत्तर ढूंढें आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर

मिनी सुडोकू - 492

	4			5	2
		2	1		
					3
2					
		6	4		
4	5				

इस पहेली की खाली जगहों में एक से 6 के बीच के अंक भरे जाने हैं। किसी भी आड़ी या खड़ी पंक्ति में किसी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है किसी ब्लाक में किसी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है।

हल करने का समय, शुरु..... खत्म.....

इसका उत्तर ढूंढें आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर

पहले पेज से आगे

काम कम, भुगतान ज्यादा

22 फीसदी और दो अन्य काम 10.75 तथा 21 फीसदी ही पूरा हुआ था। मंत्री ने बताया कि ठेका निरस्त होने के पश्चात कंपनी को 8 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। उनका कहना था कि ठेका रद्द होने का मामला आर्बिटेटर के पास गया था और उन्होंने ब्याज सहित भुगतान करने आदेश दिया। श्री पटेल ने कहा कि ब्याज समेत भुगतान करने के आदेश के खिलाफ अपील की जानी चाहिए थी। इस तरह बगैर काम किए कोई भी ठेकेदार पैसा ले सकता है। मंत्री ने बताया कि मामले में विधि विभाग से राय ली गई थी। विभाग ने सुझाव दिया था कि अपील करने के लिए उनके पास कोई ग्राउंड नहीं है। अगर सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाती है तो संभव है कि अदालत 16 करोड़ रूपए भुगतान करने का आदेश दे दे। लिहाजा इस मामले में अपील नहीं की गई।

कांग्रेस विधायक ने कहा कि एक तरफ सरकार हसदेव बांगों के कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रही है, वहीं इस मामले में केवल दो दिन के भीतर ठेकेदार को दोगुना भुगतान कर दिया गया। उनका कहना था कि सरकार ने इस मामले में महाधिवक्ता से भी राय नहीं ली थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में भ्रष्टाचार हुआ है और इसकी सदन की कमेटी से जांच करानी चाहिए। मंत्री ने सदन की कमेटी से जांच कराने से इंकार करते हुए कहा कि यह कमेटी के जांच का विषय नहीं है। वे इस मामले की तकनीकी परीक्षक से जांच करवाएंगे। श्री पटेल ने कहा कि तकनीकी परीक्षक ईएनसी के अधीन काम करता है और इस मामले में उससे बड़े अधिकारी संलिप्त हैं ऐसे में तकनीकी परीक्षक से जांच कराने से कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के बाहर के ठेकेदार को फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई है। ऐसे में यह प्रवृत्ति बन जाएगी और बगैर काम हुए भुगतान होता रहेगा। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी और नेता प्रतिपक्ष रविन्द्र चौबे ने भी इस मामले की सदन की कमेटी से जांच कराने का आग्रह करते हुए कहा कि दक्षिण भारत की कंपनियां यहां पर लूटने आई हैं। मंत्री आखिर तक इस मामले की सदन की कमेटी से जांच कराने से इंकार करते रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने पूरे मामले की प्रश्न एवं संदर्भ समिति से जांच कराने की घोषणा की।

देश की न्यायपालिका का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार,

उन्होंने माना है बिना किसी आपराधिक इरादे के उन्होंने लापरवाही के कारण गलती की है। खंडपीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण की यह मांग अस्वीकार कर दी कि सीबीआई की जांच के नतीजों को सार्वजनिक किया जाए। महाधिवक्ता जीई वहानवती ने खंडपीठ को बताया कि यह रिपोर्ट भारत के मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस एस एच कपाडिया, और इलाहाबाद उच्च न्यायालय को उन 24 न्यायाधीशों पर प्रशासनिक कार्रवाई करने के लिए सौंपी गई है, जो मिलीभगत के लिप्त तो पाए गए, लेकिन जिनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने लायक सुबूत नहीं मिले। इससे भी बुरी बात यह हुई कि महाधिवक्ता ने पीएफ घोटाले को गाजियाबाद से दिल्ली स्थानांतरित करने की जोरदार वकालत की। उन्होंने जिला न्यायाधीश पर मामले में अभियोजन पक्ष में उत्तरप्रदेश पुलिस को शामिल करके कानूनी कार्रवाई में दखल देने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जांच का काम सौंपे जाने के बावजूद न्यायाधीश ने सीबीआई को मामले से हट जाने को कहा। वहानवती ने कहा कि जिला न्यायाधीश जिसके मातहत सीबीआई न्यायाधीश को मुकदमे की कार्रवाई करनी है, अगर ऐसा रवैया अख्तियार करेगा तो मुकदमा बिगड़ जाएगा क्योंकि सीबीआई ने 6 न्यायाधीशों को 72 अन्य लोगों के साथ आरोप पत्र में दोषी ठहराया है। खंडपीठ ने विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) की अदालत में पीएफ घोटाले पर चल रही कार्रवाई पर तुरंत रोक नहीं लगाई।

2001 से 2008 की समयावधि के इस घोटाले में आरोपी ट्रेज़री ऑफिसर आशुतोष अस्थाना की मुख्य भूमिका है। इस मामले पर सबसे पहले गाजियाबाद की विशेष सीबीआई न्यायाधीश रमा जैन ने ध्यान आकर्षित किया था, जिन्होंने 15 फरवरी 2008 को शिकायत दर्ज करवाई। अस्थाना की दसना जेल में पिछले साल सितम्बर में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। 24 न्यायाधीशों के व्यवहारों की शिकायत करने वाली सीबीआई ने कोई सुबूत ना जुटा पाने के कारण 17 न्यायाधीशों को क्लीन चिट दे दी। एजेंसी ने कहा- 24 जजों और न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ उन पर मुकदमे चलाने योग्य पर्याप्त सुबूत न मिल सके। मिलीभगत की अनेक हरकतों के लिए उन पर उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए सक्षम अधिकारियों को सीबीआई ने एक रिपोर्ट भेजी है।

सीबीआई ने वे सारे ब्यौरे जुटाए हैं जिससे गाजियाबाद की अदालत के तृतीय और चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की गाढ़ी कमाई की भविष्यनिधि के पैसे जजों के लिए फर्नीचर, क्रॉकरी, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक सामानों, उपकरणों, लैपटॉप्स रेल टिकिटों, टैक्सी के भाड़े और अन्य वैभवी सामानों की खरीद पर खुले हाथ से खर्च किए गए थे। गाजियाबाद जिला न्यायालय के दोषी ठहराए गए जजों ने अय्याशी के सामान खरीदने के लिए ही नहीं, घरेलू समारोहों के लिए निम्न श्रेणी के पीएफ खातों में छेद करके पैसे निकालने की आदत बना ली थी। सीबीआई के सूत्रों ने पहले की एक रिपोर्ट के हवाले से टाईम्स ऑफ इंडिया को बताया कि न्यायपालिका के विभिन्न सदस्यों के समारोहों से जुड़ी तस्वीरों के नेग्टिव्स की 500 स्ट्रिप्स, एक सीडी और लघु वीडियो कैसेट बरामद किए गए।

सीबीआई ने कहा- इस अपराध से हासिल पैसों से जिला न्यायाधीशों आर पी मिश्र, आर पी यादव, आर एन मिश्रा, ए के सिंह, आर एस चौने, और अरुण कुमार ने महीने के राशन, फल-सब्जियों, मिठाइयों , गहने कपड़े, साड़ियां, कम्प्यूटर, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, मोबाइल फोन, जैसे महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदे। टैक्सी सेवाएं और अपने घरों में सामान और लकड़ी का फर्नीचर लाने के लिए ट्रांसपोर्ट सेवाएं हासिल कीं। सीबीआई ने कहा कि ऐसा नहीं था कि यह जज मोबाइल फोन नहीं खरीद सकते थे। लेकिन बेखबर कर्मचारियों के पीएफ के पैसों से अस्थाना द्वारा दी जाती भेंटों के लिए इन्होंने शायद ही कभी मना किया हो। अस्थाना के मुताबिक उसने न्यायपालिका में विभिन्न सदस्यों को 60 से 70 मोबाइल फोन तक बांटे थे। ट्रेज़री अधिकारी होने के नाते जिस अस्थाना पर कर्मचारियों के पीएफ के पैसों की सुरक्षा का जिम्मा था उसने इन्हीं पैसों से खरीदे गए क्रॉकरी, फर्नीचर, बर्तन जजों के निवास तक पहुंचाने के लिए बटुवे का मुंह खोलने में जरा भी कोताही नहीं की।

सीबीआई का दावा है- पिछले 6 सालों में अस्थाना द्वारा उच्च और मातहत न्यायपालिका के न्यायाधीशों को भेजे गए सामानों से भरे ट्रकों, वाहनों की 35 रसीदें पाई गई हैं। न्यायिक प्रमाणपत्र साथ होने के कारण यह ट्रक अकल्पनीय सरलता के साथ विभिन्न राज्यों से गुजरते हुए अपने गंतव्य तक पहुंच जाते थे। गाजियाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा कथित रूप से जारी किए हुए चार मूल प्रमाणपत्र भी जब्त किए गए है, जिनमें लिखा है कि उनमें लिखे गए नम्बरों वाले ट्रक न्यायपालिका के सदस्यों का सामान ले जा रहे हैं और प्रमाणपत्र ट्रक चालकों को इसलिए दिया गया है ताकि वह विभिन्न राज्यों से बिना किसी परेशानी यह सामान ले जा सके। सीबीआई ने अस्थाना को बेची गई क्रॉकरी के 28 बिल, और 2006-07 के बीच जिला न्यायाधीश का मोनोग्राम भी जब्त किया है।

पहले पेज से आगे

आदिले की बेटी समेत

शिकायतकर्ता डॉ. खाखरिया ने केन्द्र सरकार के पत्र की जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा संचालनालय ने इस महीने की 22 तारीख को जारी आदेश में कहा है कि 2006 में प्रवेश पाने वाली दोनों छात्राओं का दाखिला तत्काल निरस्त किया जाए। केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा संचालनालय ने इस मामले में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी भी मांगी है। साथ ही पिछले पांच सालों में राज्य के मेडिकल कॉलेजों में केन्द्रीय कोटे के तहत दाखिला पाने वाले छात्रों के नाम-पते, साल की जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले में जल्द कार्रवाई की भी मांग की है।

एस्सार के 5 ट्रक जलाए

को शहीदी सप्ताह के मद्देनजर वहां से हटाने की समझाईश दी गई थी। आगजनी की खबर लगते ही करीब 12:30 बजे पुलिस दल घटनास्थल पहुंचा जहां 8-10 राऊंड फायरिंग की गई। लांगकुमेर ने कहा कि इस बात की भी जांच की जा रही है, कि समझाईश के बाद भी वहां से ट्रकों को क्यों नहीं हटाया गया। बताया गया कि उक्त ट्रकों में से 4 जगदलपुर व 1 किरन्दुल की हैं ।

Name, Fame and Game-1538

आज हम दे रहे है कादर खान की फिल्मों के नाम जो अंग्रेजी अक्षरों की इस भीड़ में आपको ढूंढना है। नाम के हिज्जे अंग्रेजी में हैं और ये दाएं से बाएं, बाएं से दाएं, ऊपर से नीचे, नीचे से ऊपर या तिरछे- किसी भी दिशा में हो सकते हैं। उत्तर आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर। इन नामों की फेहरिस्त लंबा होने से हम इन्हें किस्तों में ले रहे हैं।

N

H	B	P	Z	W	B	N	L	G	T	S	D	G	R	A	T	P	S
I	U	I	A	A	Z	A	D	W	L	P	D	H	E	N	B	Y	H
L	T	M	L	R	A	Y	U	A	N	I	E	A	E	P	O	A	E
I	R	E	B	L	A	B	A	D	L	V	M	R	V	A	O	A	R
U	N	E	B	H	O	Y	L	H	Q	U	H	G	R	A	K	R	N
M	P	O	F	I	I	O	A	A	W	V	S	H	O	N	A	M	I
O	A	T	O	R	K	I	B	G	A	K	L	A	O	P	L	O	K
N	S	J	K	N	B	R	N	A	H	H	C	R	H	A	A	H	B
A	X	U	B	E	A	U	A	S	D	A	C	K	S	N	B	A	I
C	H	F	T	O	K	A	E	H	A	S	R	I	X	O	A	B	I
S	B	A	F	Y	O	L	K	H	G	A	H	K	G	O	Z	B	Z
T	A	J	R	V	D	R	D	R	R	E	N	A	B	N	A	A	A
B	Z	D	A	R	I	Y	A	D	I	L	D	H	H	A	A	T	A
H	A	H	S	N	E	H	A	H	S	A	I	A	A	K	R	M	B
Z	M	C	G	Q	W	F	Q	Q	Q	X	G	N	B	I	P	S	E
B	I	W	I	H	O	T	O	A	I	S	I	I	U	L	N	T	N
G	N	A	A	M	I	R	A	H	B	N	O	O	H	K	H	S	A
W	T	N	N	K	X	B	A	L	D	N	N	R	T	A	K	O	H
G	P	Y	H	Z	P	V	J	U	M	D	K	G	N	E	Z	D	S
X	T	F	X	Z	A	X	N	J	K	A	L	D	W	A	Q	S	I
G	A	N	G	A	T	E	R	E	D	E	S	H	M	E	I	N	N
A	S	I	A	O	T	O	H	R	A	H	G	A	N	K	E	E	Z
D	I	L	T	E	R	A	A	A	S	H	I	Q	K	E	I	M	B
N	C	F	C	S	R	G	B	C	W	S	P	A	I	D	R	A	V

W E

S

BADEGHARKIBETI
BILLOOBADSHAH
BIWIHOTOAISI
CHAALBAAZ
DARIYADIL
DILHAIBETAAB
DILTERAAASHIQ
DOST
GAIRKAANOONI
GANGATEREDESHMEIN
GHARGHARKIKAHANI
GHARHOTOAISA
HUMBHIINSAANHAIN
KALABAZAAR
KANOONAPNAAPNA
KASAM
KHOONBHARIMAANG
MAJBOOR
NISHANEBAAZI
PARAYAGHAR
PYAARMOHABBAT
SHAHENSHAH
SHERNI
SHOORVEER
SHUKRIYAA
SIKKA
VARDI

गणित का चौराहा -1351

	+		-		9
-		×		+	
	×		-		2
+		+		/	
	+		+		19
9		14		5	

हल करने का समय, शुरु..... खत्म.....

खाली जगहों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर समीकरण को पूरा करें। किसी भी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है। प्रत्येक आड़ी या खड़ी पंक्ति एक गणित समीकरण है। याद रहे कि गुणा और भाग पहले करना है, जोड़ व घटाना बाद में।

इसका उत्तर ढूंढें आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर

छत्तीसगढ़ शब्द पहेली क्रमांक-1591



(उत्तर आज के ही अंक में किसी पृष्ठ पर)

संकेत :-

बाएं से दाएं :-

1. इबादत करने वाला, एक फिल्म में दिवंगत मजहर खान का नाम (उर्दू)
3. महीना, मास
5. प्रतिदिन (उर्दू)
7. किस्मत, प्रारब्ध (उर्दू)
9. जन समुदाय, भीड़ (उर्दू)
11. नरक जैसा
13. गीत
15. त्यौहार, पर्व (छग)
17. स्तर, तह
19. रसायन का लेप कर सुरक्षित रखा गया शव
20. बर्छा, भाला (उर्दू)
23. सघन
24. बुलावा, दावत
25. झूठा (छग)
27. पग, कदम

ऊपर से नीचे:-

1. इच्छा, ख्वाहिश (उर्दू)
2. शर्म, हया
4. सुंदर युवती
5. व्यवसाय, रोजी-मजदूरी
6. विश्व, जगत (उर्दू)
8. वर्षा, बारिश
10. क्रोध के आवेग में आना
12. अनाथ, निराश्रित (उर्दू)
14. स्वयं, खुद ब खुद
16. स्वीकृति, मंजूरी
18. राजी, सहमत (उर्दू)
21. गिनती
22. पृथक, जुदा, भिन्न
23. वंश, खानदान
26. बरगद
28. गुहार करना, मिन्नत करना (मुहावरा)

◆ सईद खान लवी